# सड़क किनारे खड़े वाहनों के कारण दो छात्र घायल

## बेगमगंज में ओवरटेक करते समय हुआ सड़क हादसा



**बेगमगंज, 27 दिसंबर. नगर में नगरपालिका कार्यालय के सामने सड़क पर खड़े एक ट्राले के कारण स्कूटी की क्रासिंग में ओवरटेक करते समय टक्कर में दो नाबालिग स्टूडेंट्स हुए घायल , राहगीरों ने मदद कर सिविल अस्पताल पहुंचाया.**

शनिवार को स्कूटी पर सवार दो नाबालिग स्टूडेंट्स नेक सिंघई पिता मनीष सिंघई 14 वर्ष एवं गाथा सिंघई पिता मयंक सिंघई 15 वर्ष जा रहे थे. नगरपालिका कार्यालय के सामने एक ट्राला क्र.एमपी 38 जी 0207 खड़ा था जिसके कारण सड़क पर पूरी तरह का साइड नहीं दिख रहा था. ऐसे में स्कूटी सवार दोनों नाबालिग स्टूडेंट्स ने अपनी स्कूटी को आगे निकाले के चक्कर में वाहन को ओवरटेक किए , वाहन क्रासिंग होते ही उसकी दूसरे वाहन से जोरदार टक्कर हो गई और दोनों स्टूडेंट्स सड़क पर गिरकर घायल हो गए. आसपास खड़े नगरपालिका के सफाईकर्मी एवं अन्य राहगीरों ने दोनों को अस्पताल पहुंचाया.

> लोगों का आरोप है कि नगरीय क्षेत्र में सड़क के दोनों तरफ बड़े वाहनों की पार्किंग रहने से क्रासिंग में अक्सर एक्सीडेंट हो जाते हैं . अब तक ऐसी कई घटनाएं हो चुकी है फिर भी नगरपालिका प्रशासन सड़क किनारे से वाहनों की पार्किंग एवं अतिक्रमण नहीं हटवा रहे हैं. इसलिए आए दिन होने वाली दुर्घटनाओं के बाद भी प्रशासन नहीं चेत रहा है.



# श्रीमद् भागवत कथा से पहले निकाली कलश यात्रा

## दिघावन गांव हुआ भक्तिमय

**देवरी ( रायसेन ), 27 दिसंबर. थलादिघावन के तालाब प्रांगण में श्रीमद् भागवत कथा का शुभारंभ श्रद्धा और आस्था के साथ किया गया. कथा के शुभारंभ से पूर्व गांव में भव्य कलश यात्रा निकाली गई, जिसमें श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी.**

कलश यात्रा में महिलाएं सिर पर कलश धारण कर जब गांव की सड़कों से गुजरीं तो पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया.

डीजे व बैंड-बाजों की मधुर धुनों पर युवा श्रद्धालु नाचते-झूमते आगे बढ़ते रहे, वहीं महिलाएं भजन-कीर्तन गाते हुए यात्रा में शामिल रहीं. गांव के मुख्य मार्गों से होकर निकली कलश यात्रा का जगह-जगह ग्रामीणों द्वारा पुष्पवर्षा व स्वागत किया गया. इस अवसर पर जिला सदस्य प्रतिनिधि भोपाल सिंह लोधी, सरपंच फूल सिंह पवैया सहित अनेक जनप्रतिनिधि व गणमान्य नागरिक कलश यात्रा में प्रमुख रूप से उपस्थित रहे. कलश यात्रा के साथ ही सप्ताहिक श्रीमद् भागवत कथा का विधिवत शुभारंभ हुआ.

# सरस्वती शिशु मंदिर में वार्षिकोत्सव मनाया



**सिलवानी, 27 दिसंबर. ग्राम सियरमऊ स्थित सरस्वती शिशु मंदिर में वार्षिकोत्सव समारोह हर्षोल्लास और गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ. कार्यक्रम में विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने उपस्थित अतिथियों और अभिभावकों का मन मोह लिया.**

आयोजित समारोह में धर्मेन्द्र गुर्जर, प्रबंधक सरस्वती शिशु मंदिर ग्रामोदय विद्यालय प्रकल्प गोविंद नगर ने मुख्य वक्ता के रूप में सहभागिता की. उन्होंने अपने उद्बोधन में कहा कि सरस्वती शिशु मंदिर जैसे शिक्षण संस्थान बच्चों को केवल शिक्षा ही नहीं, बल्कि संस्कार, राष्ट्रभक्ति और नैतिक मूल्यों से भी जोड़ते हैं. कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाजपा जिला अध्यक्ष राकेश शर्मा तथा विशिष्ट अतिथि पूर्व कैबिनेट मंत्री ठाकुर रामपाल सिंह राजपूत रहे. अतिथियों ने अपने संबोधन में विद्यालय परिवार को सफल आयोजन के लिए बधाई दी तथा विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की. उन्होंने कहा कि आज की शिक्षा प्रणाली में संस्कारयुक्त शिक्षा अत्यंत आवश्यक है, जिसे सरस्वती शिशु मंदिर बखूबी निभा रहा है.

इस अवसर पर भाजपा मंडल अध्यक्ष श्याम साहू पूर्व मंडल अध्यक्ष विजय शुक्ला, जिला मंत्री संदीप शर्मा, पप्पू ठाकुर, भाजपा नेता विभोर नायक, प्रदीप कुशवाहा, वरिष्ठ भाजपा नेता राकेश खरे, सर्वेश खरे, विक्रम शाह, मदन राय सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता, अभिभावक, शिक्षक एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे. कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने देशभक्ति, सांस्कृतिक एवं नैतिक मूल्यों पर आधारित प्रस्तुतियां दीं, जिनकी सभी अतिथियों ने सराहना की.



# हंगामा कर रहा युवक गिरफ्तार

**सलामतपुर, 27 दिसंबर. थाना क्षेत्र के टिगरा गांव में शुक्रवार देर रात शराब पीकर हंगामा मचा रहे एक युवक को ग्रामीणों की सूचना पर सलामतपुर पुलिस ने गिरफ्तार किया है. युवक पर धारा 170 बीएनएसएस की कार्रवाई कर शनिवार को सांची टप्पा तहसील न्यायालय में पेश किया गया है.**

थाना पुलिस के प्रधान आरक्षक विकास श्रीवास्तव के अनुसार शुक्रवार की देर रात रंजीत ठाकुर पिता सनमान सिंह ठाकुर उम्र 35 वर्ष निवासी पिपलिया चांद शराब पीकर टिगरा जोड़ पर हंगामा कर रहा था, गांव की शांति भंग हो रही थी और ग्रामीण भी परेशान हो रहे थे. परेशान होकर ग्रामीणों ने सलामतपुर थाने में सूचना दी. सूचना मिलते ही सलामतपुर थाना प्रभारी दिनेश सिंह रघुवंशी ने तत्काल थाने से पुलिस बल टिगरा जोड़ पर भेजा. जहां पर रंजीत ठाकुर हंगामा मचाते लड़ाई झगड़ा करते हुए मिल गया. पुलिस रंजीत को गिरफ्तार कर थाने ले आई. और उसके खिलाफ धारा 170 बीएनएसएस की कार्रवाई करते हुए शनिवार को सांची टप्पा तहसील न्यायालय में पेश कर दिया.

# ठंड के मौसम में सड़क पर गंदा पानी, कीचड़

## सत्ती गांव के लोग परेशान, कलेक्टर से समस्या का निराकरण करने की मांग

**सलामतपुर, 27 दिसंबर. रायसेन जिले के सांची विकासखंड अंतर्गत अंबाडी पंचायत के सत्ती गांव में सड़क पर भरे गंदे पानी से ग्रामीणों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है. ग्रामीणों का कहना है कि गांव में नाली की उचित व्यवस्था नहीं होने के कारण गंदा पानी सड़क पर फैल रहा है, जिससे आसपास के घरों में भी पानी भर जाता है. लगातार जलभराव के चलते ग्रामीणों का घरों से निकलना मुश्किल हो गया है.**

वहीं स्कूल जाने वाले बच्चों को रोजाना इसी गंदे पानी से होकर गुजरना पड़ता है, जिससे उन्हें परेशानी के साथ-साथ स्वास्थ्य संबंधी खतरे भी बने हुए हैं. ग्रामीणों ने रायसेन कलेक्टर अरुण कुमार विश्वकर्मा और पंचायत सहित संबंधित विभाग से शीघ्र समस्या के समाधान की मांग की है, ताकि आवागमन सुचारू हो सके और लोगों को राहत मिल सके.



> इस के गांव के निवासी मुबारक खान ने बताया गांव में सड़क पर पानी निरंतर बह रहा है. जिसकी वजह से आने जाने में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है. कई बार शिकायत के माध्यम से ज़िम्मेदार अधिकारियों को अवगत कराया है लेकिन स्थिति ज्यों की त्यों बनी हुई है. शासन प्रशासन से मांग है कि समस्या का शीघ्र समाधान किया जाए.

## एक नजर में



### नूरनगर में हिंदू सम्मेलन का हुआ आयोजन

**उदयपुरा .** ग्राम पंचायत नूर नगर में विशाल हिंदू सम्मेलन का आयोजन किया गया . कार्यक्रम की शुरुआत भारत माता की आरती से हुई . इसके बाद विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने देशभक्ति और सांस्कृतिक प्रस्तुति दी . आसपास के गांव से महिलाएं कलश लेकर पहुंचीं . सम्मेलन में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रांत सेवा प्रमुख विक्रम सिंह उपस्थित रहे . उन्होंने पंचतंत्र के माध्यम से सामाजिक मूल्यों और संस्कारों पर बात की . संयोजक मनोज कुमार नीखरा ने पर्यावरण संरक्षण पर विचार रखे . स्वदेशी विषय पर मातृशक्ति सहसंयोजीका निर्मला योगेंद्र सिंह पटेल ने बौद्धिक उद्बोधन किया . संत समाज से आचार्य मुकुल जी ने कुटुंब प्रबोधन पर विचार रखे . सीताराम जी महाराज ने समरसता पर बात की . प्रदीप शास्त्री ने नागरिक शिष्टाचार पर मार्गदर्शन किया . सम्मेलन में करीब 2500 श्रद्धालु शामिल हुए . इनमें बड़ी संख्या में मातृशक्ति भी रही . मंच का संचालन राधेश्याम राजपूत ने किया .

### बांग्लादेश के खिलाफ प्रदर्शन, जलाया पुतला

**सिलवानी .** शनिवार को अंतरराष्ट्रीय हिंदू परिषद एवं राष्ट्रीय बजरंग दल की जिला स्तरीय बैठक रमणरेती कांठिया मंदिर में हुई, जिसमें प्रांत महामंत्री संजीव पटेरिया विभाग, अध्यक्ष गोलू मालवीय, विभाग मंत्री संजय खरे एवं अरविंद खरे विशेष रूप से उपस्थित रहे . बैठक में राजेश रघुवंशी को तहसील अध्यक्ष, कमल राजपूत को तहसील सुरक्षा प्रमुख एवं गौरव तिवारी को सिलवानी नगर अध्यक्ष नियुक्त किया गया . तहसील बेगमगंज एवं तहसील सिलवानी के अन्य पदाधिकारियों की भी घोषणा की गई . बैठक के उपरांत कांठिया मंदिर धाम से बजरंग चौराहा तक संगठन के पदाधिकारी और युवाओं द्वारा वाहन रैली निकाली गई .और बांग्लादेश का पुतला दहन किया गया .

# हिंदू सम्मेलन को लेकर हुई बैठक, समिति का गठन

**बाड़ी, 27 दिसंबर.** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के 100 वर्ष पूरे होने पर नगर में हिंदू सम्मेलन का आयोजन होने जा रहा है, जिसकी बैठक 25 दिसंबर को मां कर्मा मंदिर में हुई, जिसमें आयोजन समिति का गठन किया गया. बैठक में बताया गया कि 28 दिसंबर रविवार को दशहरा मैदान मंगलवारा बाजार में भूमि पूजन के साथ हिंदू सम्मेलन के कार्यक्रमों का क्रम प्रारंभ होगा. यहां बता दें कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ अपना शताब्दी वर्ष मना रहा है. बैठक में निर्णय लिया गया कि हिन्दू सम्मेलन का आयोजन 18 जनवरी 2026 को दशहरा मैदान बाड़ी में किया जाएगा. बैठक में संघ के शताब्दी वर्ष को जन-जन तक पहुंचाने, राष्ट्रभक्ति, सामाजिक,समरसता एवं सांस्कृतिक चेतना को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से सम्मेलन को भव्य एवं अनुशासित स्वरूप देने पर चर्चा की गई. इस दौरान आयोजन समिति, उप.आयोजन समिति, संचालन टोली एवं संरक्षक मंडल का गठन किया गया. हिंदू सम्मेलन के अंतर्गत समरसता का भाव लाने प्रयास है.

### 3 जगह की गई भारत माता की आरती

**उदयपुरा, 27 दिसंबर.** शनिवार को हिंदू सम्मेलन निमित्त उदयपुरा नगर में तीन स्थानों पर भारत माता की आरती की गई. भैरव मंदिर लक्ष्मी चौक शाम 6:30 बजे, खारा कुआं चौराहा शाम 7:00 बजे, शास्त्री नगर हनुमान जी की मढ़िया शाम 7:30 बजे इन तीनों जगह पर भारत माता की आरती की गई और इससे राष्ट्र के प्रति जागरूकता देखने को मिली. इस मौके पर केशव पटेल, अभिषेक श्रीवास्तव, शिबू लाल साहू, राजेंद्र लोधी, संजय रघु, राजेश सोनी, एवं बबलू कहार, बृजेन्द्र साहू, बाबू साहू आदि मौजूद थे.



# रामकली गौशाला का एसडीएम ने किया निरीक्षण

**सलामतपुर, 27 दिसंबर.** शनिवार को रायसेन एसडीएम मनीष शर्मा ने हलाली डैम स्थित रामकली गौशाला का निरीक्षण किया. निरीक्षण के दौरान उन्होंने गौशाला में पशुओं के रख-रखाव, चारा, पानी एवं साफ-सफाई की व्यवस्थाओं का जायजा लिया और संबंधितों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए. इस अवसर पर एसडीएम मनीष शर्मा द्वारा गौशाला में कार्यरत श्रमिकों को ठंड से बचाव के लिए कंबल वितरित किए गए. उन्होंने श्रमिकों से संवाद कर उनकी समस्याएं सुनीं, हरसंभव सहयोग का आश्वासन दिया. निरीक्षण के दौरान पशुपालन विभाग के अधिकारी, सांची नायब तहसीलदार, सलामतपुर चौकी प्रभारी सुनील शर्मा उपस्थित रहे. अधिकारियों ने गौशाला की व्यवस्थाओं की सराहना करते हुए बेहतर बनाए रखने की बात कही.



# गुरुकुल के विद्यार्थियों ने किया शैक्षणिक भ्रमण

▸ भोपाल में विज्ञान केंद्र, ट्राइबल म्यूजियम, बिरला मंदिर देखा

**उदयपुरा, 27 दिसंबर. गुरुकुल स्कूल के छात्र-छात्राओं ने हाल ही में एक विशेष शैक्षणिक भ्रमण में भाग लिया, जिसके अंतर्गत उन्होंने प्रदेश की राजधानी भोपाल में विज्ञान केंद्र, ट्राइबल म्यूज़ियम एवं अंत मे बिरला मंदिर का भ्रमण किया.**

इस भ्रमण का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण का विकास करना, सांस्कृतिक समझ को गहरा करना तथा पुस्तकीय ज्ञान को व्यवहारिक अनुभव से जोड़ना था. विज्ञान केंद्र में विद्यार्थियों ने विज्ञान से संबंधित विभिन्न आधुनिक मॉडल, प्रयोगात्मक गतिविधियाँ एवं आकर्षक प्रदर्शनों को देखा.

यहाँ विद्यार्थियों ने भौतिकी, रसायन विज्ञान और जीव विज्ञान से जुड़े कई रोचक तथ्यों को न केवल समझा, बल्कि उन्हें प्रत्यक्ष रूप से अनुभव भी किया. इस दौरान छात्रों में जिज्ञासा, तर्कशक्ति और नवाचार की भावना स्पष्ट रूप से दिखाई दी. इसके पश्चात छात्रों ने ट्राइबल म्यूज़ियम का दौरा किया, जहाँ उन्होंने जनजातीय समाज की जीवनशैली, पारंपरिक कला, वेशभूषा, लोकनृत्य, संगीत और ऐतिहासिक विरासत के बारे में विस्तृत जानकारी प्राप्त की. संग्रहालय में प्रदर्शित वस्तुओं ने विद्यार्थियों को भारत की विविधता और सांस्कृतिक समृद्धि से रूबरू कराया.

> इस पूरे शैक्षणिक भ्रमण के दौरान विद्यालय के शिक्षकगण विद्यार्थियों के साथ उपस्थित रहे विद्यार्थियों ने इस भ्रमण को एक यादगार, प्रेरणादायक और सीख से भरपूर अनुभव बताया . यात्रा के अंतिम चरण में बिरला मंदिर में दर्शन किए, जहाँ के शांत एवं पवित्र वातावरण ने सभी को आध्यात्मिक ऊर्जा से भर दिया . मंदिर परिसर में विद्यार्थियों ने अनुशासन, शांति और भारतीय सांस्कृतिक मूल्यों के महत्व को महसूस किया . इस शैक्षणिक दौरे के दौरान छात्रों को वैज्ञानिक तकनीकी के ज्ञान के साथ-साथ सामाजिक संस्कृति तथा ऐतिहासिक विरासत के बारे में जानकारी प्राप्त की .

**खुशहाल मौसम** ▸ खुला मौसम बना फसलों के लिए वरदान, कीट प्रकोप से राहत

# मौसम दे रहा साथ, रबी उत्पादन 10 से 15 प्रतिशत बढ़ने की उम्मीद



**सिलवानी, 27 दिसंबर. इस वर्ष ठंड के मौसम ने रबी फसलों का भरपूर साथ दिया है. अनुकूल मौसम के चलते किसानों के चेहरों पर संतोष और उम्मीद साफ झलक रही है. कृषि विशेषज्ञों के अनुसार यदि मौसम इसी प्रकार अनुकूल बना रहा तो रबी फसलों का उत्पादन पिछले वर्ष की तुलना में 10 से 15 प्रतिशत तक अधिक हो सकता है.**

मौसम साफ और खुला रहने से फसलों में कीट प्रकोप नहीं हुआ है. विशेषकर मटर, चना, सरसों और मसूर जैसी फसलों में कीट लगने की आशंका अधिक रहती है, लेकिन इस वर्ष अब तक फसलें पूरी तरह सुरक्षित हैं. इससे किसानों को कीटनाशकों के छिड़काव पर होने वाले अतिरिक्त खर्च से भी राहत मिली है. साथ ही, खाद्यान्न पर रासायनिक दवाओं के दुष्प्रभाव से बचाव होने से उपभोक्ताओं के स्वास्थ्य के लिहाज से भी यह सकारात्मक संकेत है.

किसान तुलसी यादव ने बताया कि रबी फसलों की बोवनी लगभग पूरी हो चुकी है. इस वर्ष क्षेत्र में करीब 40 हजार हेक्टेयर में गेहूं की बोवनी की गई है, जो एक अच्छा संकेत है.

### फसलों के लिए क्यों अनुकूल है मौजूदा मौसम

गेहूं: दिन और रात का तापमान सामान्य बना हुआ है, जो गेहूं की फसल के लिए अत्यंत अनुकूल माना जाता है. इससे बालियों में दाने अच्छे और भरपूर आने की संभावना है.

चना: चना फसल को अधिक बारिश की आवश्यकता नहीं होती. वर्तमान मौसम में चना की फसल अच्छी स्थिति में है. जनवरी के प्रारंभ से अंत तक इसमें फूल आने लगेंगे. कृषि विज्ञानियों के अनुसार मौजूदा मौसम और पूर्वानुमान को देखते हुए चना की फसल की बढ़वार संतोषजनक रहेगी.

वरिष्ठ कृषि विस्तार अधिकारी सुनील मालवीय ने बताया कि इस वर्ष न्यूनतम और अधिकतम तापमान सामान्य या उसके आसपास बना हुआ है. किसी भी फसल में कीट नहीं लगे हैं और भविष्य में भी कीट प्रकोप या ओला-पाला की आशंका नजर नहीं आ रही है. समय पर बोवनी होने से दाने भराव भी अच्छा होगा. यदि आगे कोई प्रतिकूल परिस्थिति नहीं आई तो रबी उत्पादन में 10 से 15 प्रतिशत तक वृद्धि निश्चित है.